तेरे प्यारे जय साईं जय साईं बोल के नाचे गे

सुन सचदानन्द साईं आज दिल खोल के नाचे गे,
तेरे प्यारे जय साईं जय साईं बोल के नाचे गे,

खुशियों की घड़ी है आई तूने रहमत बरसाई,
सुख में दुःख में है दाता तूने हो प्रीत निभाई,
दिल में अमृत खुशियों का आज बोल के नाचे गे,
तेरे प्यारे जय साईं जय साईं बोल के नाचे गे,

मस्ती में मस्तानो को साईं के दीवानों को,
साईं की लगन लगी है दुनिया से बेगानों को,
मस्ताने हम दीवाने आज संग ढोल के नाचे गे,
तेरे प्यारे जय साईं जय साईं बोल के नाचे गे,

उम्मीद से ज्यदा बक्शा बिन मांगे दिया हमेशा,
भक्तो का हर दुःख संकट तूने हर लिया मेरा,
साहिल एहसास के पंशी आज तोल के नाचे गे,
तेरे प्यारे जय साईं जय साईं बोल के नाचे गे,

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/5896/title/tere-pyaare-jai-sai-jai-sai-bol-ke-naache-ge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |